This question paper contains 4+2 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **174**

Unique Paper Code : **205139** **F**

Name of the Paper : **Hindi Language (A)**

Name of the Course : **B.A. (Programme)**

Semester : **I**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

खंड वाले प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 9,9

(क) ईसा की अठारहवीं शताब्दी के अंतिम भाग में वही काशी नहीं रह गई थी, जिसमें उपनिषद् के अजातशत्रु की परिषद में ब्रह्मविद्या सीखने के लिए विद्वान ब्रह्मचारी आते थे । गौतम बुद्ध और शंकराचार्य के धर्म-दर्शन के वाद-विवाद, कई शताब्दियों से लगातार मंदिरों और मठों के ध्वंस और तपस्वियों के वध के कारण प्राय: बंद-से हो गए थे । यहाँ

P.T.O.

तक कि पवित्रता और छुआछूत में कट्टर वैष्णव धर्म भी उस विशृंखलता में, नवागंतुक धर्मोन्माद में अपनी असफलता देखकर काशी में 'अघोर' रूप धारण कर रहा था । उसी समय समस्त न्याय और बुद्धिवाद को शस्त्र बल के सामने झुकते देखकर काशी के विच्छिन्न और निराश नागरिक जीवन ने एक नवीन सम्प्रदाय की सृष्टि की । वीरता जिसका धर्म था । अपनी बात पर मर मिटना, सिंह वृत्ति से जीविका ग्रहण करना, प्राण-भिक्षा मांगनेवाले कायरों तथा चोट खाकर गिरे हुए प्रतिद्वंद्वी पर शस्त्र न उठाना, सताए निर्बलों को सहायता देना और प्रत्येक क्षण प्राणों को हथेली पर लिए घूमना, उसका बाना था । उन्हें लोग काशी का 'गुंडा' कहते थे ।

(*i*) ईसा की अठारहवीं शताब्दी के अंतिम भाग में काशी कैसी नहीं रह गई थी ?

(*ii*) गुंडा किसको कहते थे ?

(*iii*) उपर्युक्त अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(ख) मैं यह कहना चाहूँगा कि पचास साल के बाद का भारत कृषि और औद्योगिक क्रांति से उभरा हुआ भारत है, जो अपने औपनिवेशिक चोले को मूल रूप से त्याग चुका है । यह 'साहब, बाबू और चपरासी' वाले परजीवी मध्यम वर्ग का भारत नहीं है । यह तो विकासशील कृषि और उद्योगों से जुड़े, विज्ञान और टेक्नोलोजी के ज्ञान और दक्षता के वाहक एक आर्थिक आत्मनिर्भरता, उत्पादकता, उद्यमशीलता, जोखिम उठाने की

क्षमता आदि नए मूल्यों और मानकों के प्रतिनिधि नए मध्यम वर्ग का भारत है, जिसने भारत का मस्तक पूरे विश्व में ऊँचा किया है ।

(*i*) उपर्युक्त अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(*ii*) किसने भारत का मस्तक पूरे विश्व में ऊँचा किया है ?

(*iii*) आज के भारत का मध्यम वर्ग कैसा है ?

(ग) अर्थ, अस्त्र और सूचना – हमारे समय के केंद्र में तीन शक्तियाँ हैं । फिलहाल ये ऐसे हाथों में हैं जिनके पीछे न किसी ऐतिहासिक काल का दबाव है, न वैश्विक शील का । ये हाथ सब कुछ प्रायोजित कर सकते हैं – बाजार, समर और सूचना; ऐसे तर्क गढ़ते हैं जिनके पीछे कोई तार्किकता नहीं होती, लेकिन दुनिया को चुपचाप उन्हें स्वीकार करना पड़ता है । इनकी विकराल प्रतिहिंसा के आगे नतमस्तक 'संयुक्त राष्ट्र' का अनस्तित्व देखने लायक है । ये **लक्षण** प्रलय के हैं जो राष्ट्र-राज्य की अवधारणा को ध्वस्त करते हैं, उनकी अस्मिता और स्वायत्तता की अवमानना करते हैं ।

(*i*) उपर्युक्त अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(*ii*) हमारे समय के केंद्र में कौनसी शक्तियाँ हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

(*iii*) राष्ट्र-राज्य की अवधारणा को कौन ध्वस्त कर रहा है ?

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12

(*i*) काशी के समाज का स्वरूप विवेचन कीजिये । ('गुंडा')

(*ii*) 'समाज और व्यक्ति' का प्रतिपाद्य लिखिए । ('समाज और व्यक्ति')

(*iii*) 'भाषा को अकारण दुरूह या कठिन नहीं बनाना चाहिए, परन्तु सकारण ऐसा करने में कोई दोष नहीं ।' लेखक के इस मत से अपनी सहमति/असहमति व्यक्त कीजिये । ('भाषा बहता नीर')

(*iv*) 'जातीयता की पृष्ठभूमि में अनेक तथ्य हो सकते हैं ।' वर्तमान भारत के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिये । ('अस्मिताओं का संघर्ष')

3. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास के नामकरण पर विचार कीजिए ।

(*ii*) माणिक मुल्ला के चरित्र की **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(*iii*) जमुना और तन्ना के संबंध किस प्रकार के थे ?

(*iv*) सत्ती अपने पास क्या रखती थी और क्यों ?

(*v*) लिली और जमुना परस्पर कैसे भिन्न हैं ?

(*vi*) 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' की प्रेम-कहानियों की **दो** विशेषताएँ लिखिए ।

(*vii*) घोड़े की नाल का जमुना के लिए क्या महत्त्व है ?

(*viii*) सत्ती से बिछुड़ने के बाद माणिक मुल्ला के जीवन में किस प्रकार का परिवर्तन आया ?

**अथवा**

'यात्राएँ' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) सिगरी उनसत की तपस्या-भूमि का वर्णन कीजिए ।

(*ii*) 'कथा : केरल की' में केरल के लोगों का जीवन किस रूप में चित्रित हुआ है ?

(*iii*) 'झेलम से हरिन बांगा तक' यात्रा-वृत्तान्त में भारतीय सैनिकों की संघर्ष-गाथा क्या है ?

(*iv*) ह्वेनसांग कौन था ? उसने भारत की यात्रा क्यों की ?

(*v*) मारीशस को छोटा भारत क्यों कहा जाता है ?

(*vi*) 'नॉर्वे' शब्द का क्या अर्थ है ? नॉर्वे के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

(*vii*) निक़ोलस रोरिक कौन थे ? भारत के प्रति वे क्यों आकृष्ट हुए ?

(*viii*) लेखक ने इब्सन के व्यक्तित्व को किन रूपों में चित्रित किया है ?

4. किसी **एक** विषय पर विस्तृत टिप्पणी या परिचर्चा लिखिए : 8

(*i*) जन-लोकपाल बिल

(*ii*) महिला आरक्षण

(*iii*) भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन ।

5. निम्नलिखित आत्मकथांश का जीवनी में रूपांतरण कीजिए : 7

गलियां लांघते हुए, अपने कदमों की आवाज़, अपनी पदचाप सुनते हुए लगने लगा जैसे मैं यह आवाज पहले कहीं सुन चुका हूँ । चारों ओर छाई चुप्पी को भी 'सुन' चुका हूँ । अकुलाहट-भरी इस नीरवता का अनुभव भी कर चुका हूँ । सूनी गलियाँ लाँघ चुका हूँ । घरों में परिवार बसे हुए हों तो कहीं से हँसने की आवाज आती है, कहीं से किसी के पुकारने की, कहीं

से बच्चे की किलकारी की, कोई बच्चा दौड़ता हुआ गली लाँघ जाता है, एक घर से दूसरे घर में जा पहुँचता है, कहीं कोई गृहिणी अपने घर की दहलीज पर खड़ी किसी की राह देख रही होती है । बसा हुआ नगर किसी खिली फुलवारी का-सा भास देता है, पर वीरान नगर पर दुर्भाग्य के साए डोल रहे होते हैं ।

6. किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए : 8

(*i*) समाज में मीडिया एवं जनसंचार की भूमिका ।

(*ii*) किसी पाठ के विश्लेषण के आधारभूत तत्व ।

(*iii*) लेखन की आगम शैली ।

7. अनुच्छेद लेखन के मूल तत्वों का उल्लेख कीजिए । 6

8. प्रतिवेदन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए । 6